अपने बच्चों से मिलने मां आई

मां को मनालो,
दिल से रिझालो,
देखो खुशियो की बेला है आई,
आई रे आई होके सिंह पे सवार,
अपने बचो से मिलने मां आई॥

सुन के पुकार आई बचो के द्वार,
देखो खुशियां लुटाने है आई,
भूलो सारे गम होके मस्त मलंग,
सब झूमो नाचो गाओ बधाई,
बजी खुशियो की ताल,
जिसपे झूमा संसार,
कही प्रेम श्रद्धा की शहनाई,
आई रे आई.......

चूड़ा भी लाल मां की चुनर भी लाल,
बड़ी प्यारी लगे मैया रानी,
मैया के नैनो से करुणा बहे,
मां तो ममता की मूरत सुहानी,
बचो की प्यारी,
मां तो है जग से न्यारी,
वो तो हर एक के दिल मे समाई,
आई रे आई......

मत हो उदास मां के चरणों के पास,
जाके अपने तू दिल की सुनाना,
मिट जाए तेरे सारे दिल के जख्म,
मां लुटा देगी प्यार का खजाना,
श्यामां की अर्जी,
ना करू खुदगर्जी,
मेरे सर पर हो कृपा सदा ही,
आई रे आई......

https://alltvads.com/bhajan/lyrics/id/24878/title/apne-bachho-se-milne-maa-aayi

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |